>

Title: Need to start the construction work of Sahebganj Manihari Ganga Bridge.

श्री दुलाल चंद्र गोस्वामी (कटिहार) : माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे जीरो आवर में बोलने का समय दिया, इसके लिए धन्यवाद । मैं आज आपके माध्यम से बिहार और झारखंड को जोड़ने वाली साहेबगंज-मनिहारी गंगा सेतु जैसी महत्वाकांक्षी योजना के संबंध में बताना चाहता हूं । इसका शिलान्यास 6 अप्रैल, 2017 को साहेबगंज में किया गया था । जैसा कि आपको ज्ञात है कि मेरा संसदीय क्षेत्र कटिहार है । यह गंगा, कोसी और महानंदा नदी के बीच में बसा हुआ है । यह एक व्यापारिक केंद्र है । इस क्षेत्र यानी बिहार और झारखंड के लिए 6 अप्रैल, 2017 गुरुवार एक ऐतिहासिक दिन था जब माननीय नरेन्द्र मोदी जी और माननीय सड़क, परिवहन मंत्री नितिन गडकरी जी ने साहेबगंज-मनिहारी गंगा सेतु का शिलान्यास किया था । यह सेतु 2100 करोड़ रुपये में बनना था । इस सेतु के बनने से बिहार और झारखंड सीधे जुड़ेंगे । इससे उत्तर-पूर्वी बिहार के कटिहार का विकास होगा और साथ ही यह सेतु पूर्णिया, किशनगंज, अररिया होते हुए पश्चिम बंगाल और उत्तर पूर्वी राज्य को जोड़ेगा । इस पुल के बन जाने से व्यापारिक उत्थान होगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे ।

महोदय, एक तरफ इसके शिलान्यास के बाद बिहार और झारखंड के लोगों को बहुत खुशी हुई थी लेकिन दूसरी तरफ अब थोड़ी मायूसी हो रही है कि वर्ष 2017 के बाद से अब तक इस पुल का कार्य आरंभ नहीं हुआ है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से अनुरोध करना चाहता हूं कि साहेबगंज में गंगा नदी पर पुल का कार्य जल्दी से जल्दी शुरु कराया जाए । इसके साथ मैं यह भी निवेदन करता हूं कि सरकार के इसी कार्यकाल में माननीय प्रधान मंत्री जी इसका उद्घाटन कटिहार में करें ।

माननीय अध्यक्षः माननीय सदस्य, अगर बड़ा विषय है तो वक्तव्य दें, छोटा विषय है तो एक मिनट में अपनी बात पूरी कर दें ।